सूचना और प्रसारण मंत्रालय

न्यूज ऑन एयर रेडियो लाइव-स्ट्रीम इंडिया रैंकिंग

विविध भारती की क्षेत्रीय सेवाओं की पूरे भारत में लोकप्रियता बढ़ रही है

Posted On: 20 MAY 2022 1:42PM by PIB Delhi

विविध भारती की राष्ट्रीय सेवा जहां वैश्विक और घरेलू सभी तरह की रैंकिग में शीर्ष पर बनी हुई है, वहीं इसकी क्षेत्रीय सेवाएं भी अपने-अपने भाषायी क्षेत्रों में और उसके बाहर भी लोकप्रिय हो रही है। विविध भारती कन्नड़ सिर्फ कर्नाटक में ही नहीं सुना जाता बल्कि इसके सुनने वाले मुम्बई, पुणे और दिल्ली एनसीआर में भी हैं।

भारत के शीर्ष शहरों की ताजा रैंकिंग में जहां ऑल इंडिया रेडियो लाइव स्ट्रीम्स न्यूज ऑन एयर एप पर सर्वाधिक लोकप्रिय हैं, उनमें बैंगलुरू, पुणे, दिल्ली एनसीआर चार सप्ताह से अधिक समय से इन तीन स्लॉट्स में शीर्ष पर बने हुए हैं।

भारत की शीर्ष एआईआर स्ट्रीम्स की शीर्ष रैंकिंग में प्रमुख बदलाव दिख रहा है, एआईआर कोच्चि एफएम रैनबो और विविध भारती कन्नड़, विविध भारती मलयालम और एफएम रैनबो दिल्ली को शीर्ष स्थान से हटाकर शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। एफएम रैनबो मुंबई और रैनबो कन्नड़ कामनविलु की लोकप्रियता बढ़कर दूसरे और पांचवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि एआईआर पुणे और एआईआर केरल की लोकप्रियता गिरकर चौथे और नौवें स्थान पर आ गई है।

ऑल इंडिया रेडियो की करीब 270 रेडियो सेवाएं प्रसार भारती के आधिकारिक एप न्यूज ऑन एयर एप पर लाइव स्ट्रीम होती हैं। न्यूज ऑन एयर एप पर इन ऑल इंडिया रेडियो स्ट्रीम्स को सिर्फ भारत में ही नहीं बल्क विश्वभर में बड़े पैमाने पर श्रोताओं द्वारा सुना जाता है। भारत के उन शीर्ष शहरों को देखिए जहां न्यूज ऑन एयर एप पर ऑल इंडिया रेडियो की लाइव स्ट्रीम्स सर्वाधिक लोकप्रिय हैं। भारत में आप शीर्ष ऑल इंडिया रेडियो लाइव स्ट्रीम्स को न्यूज ऑन एयर एप पर देख सकते हैं और इनका शहरवार विवरण भी देख सकते हैं। यह रैंकिंग एक अप्रैल से 30 अप्रैल 2022 के आंकड़ों पर आधारित है।

न्यूज ऑन एयर रेडियो लाइव-स्ट्रीम इंडिया रैंकिंग सूची के लिए यहां क्लिक करें-

***

एमजी/एएम/एसएम/ओपी

(Release ID: 1826967) Visitor Counter : 141

Read this release in: English , Urdu , Marathi , Bengali , Punjabi , Kannada